द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला आरोपी गिरफ्तार

आरपीएससी की काउंसलिंग में बुलाए जाने पर शक हुआ था

अजमेर, (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से वर्ष 2022 में आयोजित द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा दिलवाने के मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेंद्र कुमार देवासी निवासी सांचौर, जिला जालौर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ आरपीएससी की ओर से सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस तभी से उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2022 में आरपीएससी की ओर से द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। आरोप है कि सांचौर निवासी नरेंद्र कुमार देवासी ने परीक्षा में स्वयं उपस्थित होने के बजाय अपने स्थान पर एक अन्य व्यक्ति को डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठा दिया था। डमी अभ्यर्थी ने आरोपी के स्थान पर परीक्षा दी थी। परीक्षा प्रक्रिया के दौरान मामला आरपीएससी के संज्ञान में आया और आयोग ने आगे की कार्रवाई शुरू की।

बताया जा रहा है कि परीक्षा के बाद आरपीएससी की ओर से आरोपी

- **पूछताछ के डर से नहीं पहुंचा था आरोपी, पुलिस ने तलाश के बाद फरार आरोपी को दबोचा**

नरेंद्र कुमार देवासी को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था। काउंसलिंग में बुलाए जाने के बाद आरोपी को अपने खिलाफ कार्रवाई होने का शक हो गया। इसके चलते वह काउंसलिंग में उपस्थित नहीं हुआ। बाद में मामले की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरपीएससी की ओर से सिविल लाइन थाने में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया गया। मामला दर्ज होने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी के लगातार फरार रहने के कारण पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज किए। पुलिस की ओर से आरोपी पर इनाम भी घोषित किया गया था। इसके बावजूद आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था।

पुलिस टीम को आरोपी के संबंध में जानकारी मिलने के बाद उसकी तलाश की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र कुमार देवासी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में डमी अभ्यर्थी के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की संभावना है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी को किस तरह परीक्षा में बैठाया और इस पूरी प्रक्रिया में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं। मामले में पुलिस की जांच आगे जारी है।

57 किलो डोडा-पोस्त के साथ एक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की बनाड़ पुलिस ने महादेव नगर खोखरिया गांव में संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 57.5 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त के साथ 3150 रूपए बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की गई है। उससे अवैध डोडा-पोस्त को लेकर पूछताछ की जा रही है।

बनाड़ थानाधिकारी सुरेश चौधरी के अनुसार वे रविवार को गश्त पर थे। तब महादेव नगर खोखरिया गांव में एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। उसके पास से 57 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त और 3150 रूपए मिले। युवक जाजीवाल विश्नोईयान बनाड़ निवासी हनुमानराम को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे अवैध डोडा-पोस्त को लेकर पड़ताल की जा रही है। अग्रिम जांच करवड़ थानाधिकारी परमेश्वरी की तरफ से की जा रही है।

बी.एड. छात्रा ने खुदकुशी की, तीन दिन बाद शव मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के पंचवटी इलाके में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा द्वारा अपने ही मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान संडास निवासी कृष्णा बैरवा के रूप में हुई है, जो महिला आश्रम से बी.एड. की पढ़ाई कर रही थी और पंचवटी स्थित मकान में अकेली रह रही थी। उसके पिता नारायणलाल पेशे से शिक्षक हैं।

कोतवाली थानापुलिस ने बताया कि मृतका के परिजन पिछले तीन दिनों से उसे लगातार फोन कर रहे थे, लेकिन कृष्णा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही थी। अनहोनी की आशंका होने पर परिजनों ने पास में रहने वाले एक पड़ोसी को घर जाकर पता करने को कहा। पड़ोसी जब वहां पहुंचा तो मकान अंदर से बंद था और भीतर से तेज दुर्गंध आ रही थी। पड़ोसी की सूचना पर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण उसे किसी तरह खोलकर लोग अंदर दाखिल

- **परिजन तीन दिनों से फोन कर रहे थे, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही थी, अनहोनी की आशंका होने पर परिजनों ने एक पड़ोसी को घर जाकर पता करने को कहा**

हुए। कमरे का नजारा देखते ही परिजनों के होश उड़ गए-कृष्णा फंदे से लटकी हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। फिलहाल मौके से ऐसा कोई सुसाइड नोट या साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सके।

डूंगरपुर में तारबंदी में फंसने से लैपर्ड की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के आंतरी वन क्षेत्र के विराट गांव में खेत की तारबंदी में फंसने से एक मादा लैपर्ड की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक लैपर्ड दम तोड़ चुका था।

जानकारी के अनुसार रविवार को डेढ साल की मादा लैपर्ड खेत में लगी तार फेसिंग में बुरी तरह उलझ गई। बाहर निकलने के लिए उसने काफी देर तक संघर्ष किया,लेकिन सफल नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने जब लैपर्ड को फंसा देखा तो तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी।

आंतरी वन अधिकारी तेजसिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से लैपर्ड को तारों से बाहर निकाला। हालांकि, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इसके बाद लैपर्ड के शव को दोवडा वन कार्यालय लाया गया, जहां वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मृत मादा लैपर्ड की उम्र करीब डेढ़ वर्ष थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तारबंदी में फंसने के बाद लैपर्ड काफी देर तक बाहर निकलने का प्रयास करता रहा। इस दौरान पानी नहीं मिल पाने से डिहाइड्रेशन की स्थिति बनने की आशंका है। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। वन क्षेत्र से सटे खेतों में लगाई जाने वाली तारबंदी वन्यजीवों के लिए खतरा बनती जा रही है।

हत्या के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। थाना बरोनी द्वारा हत्या के प्रकरण में त्वरित प्रभावी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बरोनी थानाधिकारी जयमल सिहं के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई हैं। बरोनी थानाधिकारी ने बताया कि गत 26 अगस्त को ग्राम पंचायत डारडा तुर्की के मोहल्ले ग्राम पीतावास में साफ-सफाई के दौरान हुए विवाद में आरोपी राजाराम पुत्र श्रवण, मनमोहन पुत्र राजाराम गुर्जर, मुकेश पुत्र नेहनू, राजेश पुत्र श्रवण, खुशीराम पुत्र श्रवण गुर्जर, पाना पत्नि राजाराम, धोली पत्नि राजेश, निरु पत्नि खुशीराम ने मारने की नियत से महावीर के घर में घुस कर उसकी हत्या का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने कुल्हाड़ी, सरिया, लकड़ियां से महावीर व उसके परिवारजनों को जान से मारने की नियत से मारपीट की।

बीकानेर में दो सड़क-हादसों में युवक और शिक्षक की मौत

बीकानेर, (निसं)। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक युवक और सरकारी शिक्षक की मौत हो गई। पहला हादसा श्रीडूंगरगढ़ के जोधासर गांव के पास नेशनल हाइवे पर हुआ, जहां कार और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में कार सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा हादसा बज्जू थाना क्षेत्र में हुआ, जहां बाइक सवार शिक्षक गंभीर घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

श्रीडूंगरगढ़ में जोधासर गांव के पास रविवार रात करीब 11 बजे कार और ट्रक की भिड़ंत हुई। श्रीडूंगरगढ़ की ओर से बीकानेर जा रहा ट्रक और सामने से आ रही कार आमने-सामने टकरा गए। हादसे की सूचना मिलने पर टोल प्लाजा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

- **कार-ट्रक की भिड़ंत में युवक ने दम तोड़ा, बाइक हादसे में शिक्षक की जान गई**

एंबुलेंस से कार सवार रायसिंहनगर निवासी और वर्तमान में लखासर निवासी संदीप पुत्र किशनलाल को उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर श्रीडूंगरगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और मृतक के परिजनों को सूचना दी।

दूसरा हादसा बज्जू थाना क्षेत्र में हुआ। यहां बाइक पर सवार दो लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में एक व्यक्ति मामूली घायल हुआ, जबकि बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए बज्जू लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए शिक्षक को बीकानेर रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले शिक्षक राजकीय स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। हादसे की सूचना के बाद बज्जू थाने के एएसआई नेमाराम पीबीएम अस्पताल पहुंचे और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शिक्षक का शव उनके पैतृक गांव गौडू ले जाया जाएगा। पुलिस ने दोनों हादसों को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर
सा.नि.वि, परिसर, अशोका टाकीज के पास, कचहरी रोड, अलवर
फोनः- 0144-2737038, E-mail:-sealw.pwd@rajasthan.gov.in

क्रमांक-RajKaj Ref No.: 24187528 दिनांक 21.08.2026

Short Term NIT No 12/2026-27

Construction of Various Missing Link / Non-Patchable Roads under the Jurisdiction of PWD Divisions Alwar and Atal path at jurisdiction of PWD Div Kathumar, District Alwar Online bids are invited from eligible and interested bidders for the above-mentioned works. The bidding process will commence from 22.08.2026 at 02:00 PM up to 01.09.2026 at 06:00 PM. Detailed bidding documents and other particulars may be downloaded from the State Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in, and the PWD departmental website http://pwd.rajasthan.gov.in.
The approximate value of the procurements is 872.06 Lakhs.
UBN No:-
1. PWD2627WSOB11432
2. PWD2627WSOB11433
3. PWD2627WSOB11434
4. PWD2627WSOB11435
5. PWD2627WSOB11431

-:E-Sign:-
Superintending Engineer
PWD Circle Alwar
DIPR/C/15483/2026

जोधपुर में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई कर शव उनके परिजन को सुपुर्द किए।

मथानिया पुलिस ने बताया कि मेघवालों का बास डांवरा खेड़ापा निवासी देवाराम पुत्र पराराम मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई जितेंद्र उर्फ जीतू अपने परिचित अनिल के साथ बाइक पर बैठकर बिजारियां बावड़ी से निकल रहा था। तब सामने आवारा पशु संभवत: सांड आ गया और बाइक उससे टकरा गई। हादसे में पीछे बैठा उसका भाई नीचे गिर गया। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी मौत हो गई। देवाराम ने बाइक चालक अनिल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी। पुलिस ने शव को कार्रवाई के अग्रिम जांच आरंभ की है।

वहीं राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि लोरडी देजगरा निवासी विजय पुत्र प्रतापराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई बाइक लेकर रॉयल्टी नाका केरू से निकल रहा था। तब एक अन्य बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। बाइक नंबर के आधार पर अब जांच आरंभ की गई है।

रेलवे पुलिस चौकी का आरक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

रेलवे सामान चोरी के मामले में परिवादी को आरोपी नहीं बनाने की एवज में एक लाख रिश्वत मांगी थी

जयपुर/सवाई माधोपुर, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) सवाई माधोपुर इकाई ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए रेलवे पुलिस चौकी लाखेरी रेलवे पुलिस थाना सवाई माधोपुर में पदस्थापित आरक्षक मोहम्मद नदीम कुरेशी को 70 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी ने रेलवे सामान चोरी के मामले में परिवादी को आरोपी नहीं बनाने की एवज में एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी।

गिरफ्तार आरोपी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी सवाई माधोपुर को परिवादी ने शिकायत दी थी कि रेलवे पुलिस चौकी लाखेरी में रेलवे सामान चोरी के प्रकरण में उसे आरोपी नहीं बनाने का दबाव बनाकर आरक्षक मोहम्मद नदीम कुरेशी रिश्वत के लिए परेशान कर रहा है। परिवादी ने आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़वाने के लिए एसीबी से संपर्क किया। शिकायत के बाद 25 अगस्त को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी ने रेलवे स्टेशन सवाई माधोपुर पर पेशी के दौरान परिवादी को मामले में आरोपी नहीं बनाने की एवज में रिश्वत मांगी। परिवादी के अनुरोध पर आरोपी पहले 80 हजार रुपए और बाद में 70 हजार रुपए लेने पर सहमत हो गया। सोमवार को आरोपी ने परिवादी से संपर्क कर उसके घर पर रिश्वत की राशि लेने आने की बात कही। इसके बाद एसीबी टीम ने ट्रैप कार्रवाई आयोजित की। आरोपी जैसे ही परिवादी से 70 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते हुए पकड़ा गया, टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई।

Rajasthan Water Grid Corporation Limited
(Formerly known as "Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited")
Sinchai Bhawan, JLN Marg, Jaipur 302017, Tel: 0141-2700669 Email: ceercpc@gmail.com
No. :- 5965 Date :- 27/08/2026

NIB No. RWGCL/17/2026-27
Corrigendum – 01

Name of Work : - Supply and Installation of the Bentley Openflows Water ultimate perpetual license software with 3 years AMC.

Sr. No.	Reference /Clause No. Page Number Of Bid Document	As Read	Amended
1	Document Download End Date	31.08.2026 at 6:00 PM	07.09.2026 at 6:00 PM
2	Tender Submission End Date	31.08.2026 at 6:00 PM	07.09.2026 at 6:00 PM
3	Physical submission of Tender fee, Processing fee, and Bid Security in the Office of the MD RWGCL, Sinchai Bhawan Jaipur	01.09.2026 at 2:00 PM	08.09.2026 at 2:00 PM
4	Date of opening of Technical bid	01.09.2026 at 03:00 PM	08.09.2026 at 03:00 PM

Note :- All other terms and condition remain same.
NIB Code : ERP2627A0024
UBN No. : ERP2627GLOB00024
Managing Director
RWGCL Jaipur
Raj.Samwad/C/26/10480

बीकानेर में 11 नकबजनी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्त में

पुलिस ने 25 लाख का सोना-चांदी बरामद किया

बीकानेर, (निसं)। गंगाशहर थाना पुलिस ने शहर में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में शहर में करीब 11 नकबजनी की वारदातें करना स्वीकार किया है। आरोपियों के कब्जे से अब तक करीब 25 लाख रुपए का सोना-चांदी बरामद किया गया है।

पुलिस ने जगदीश कुमार लखेसर, राहुल नायक और संजय कुमार सोनी को गिरफ्तार किया है। मामला 29 जुलाई को सुजानदेसर निवासी रेणु गहलोत के घर में हुई चोरी से जुड़ा है। रेणु गहलोत के घर से बाहर जाने के बाद अज्ञात चोर रात में ताला काटकर अंदर घुसे थे। चोर घर से सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामला

- **आरोपी दिन के समय शहर में बंद मकानों की रेकी करते थे, वे ऐसे मकानों को निशाना बनाते थे**

दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में मुख्य आरोपी जगदीश कुमार लखेसर और राहुल नायक ने अपने साथी अनिल कुमार ब्राह्मण के साथ मिलकर शहर में करीब 11 नकबजनी की वारदातें करना स्वीकार किया। चोरी का सोना-चांदी खरीदने और उसका स्वरूप बदलने वाले संजय कुमार सोनी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी दिन के समय शहर में बंद मकानों की रेकी करते थे। वे ऐसे मकानों को निशाना बनाते थे, जिनके बारे में उन्हें पता होता था कि वहां रात में कोई मौजूद नहीं है। इसके बाद रात में इलेक्ट्रॉनिक कटर मशीन से मकान, दरवाजे और अलमारियों के ताले काटकर अंदर घुसते थे। आरोपी घर से सोना-चांदी और नकदी चोरी कर ले जाते थे।

पुलिस के अनुसार चोरी किए गए सोने-चांदी के गहनों का स्वरूप बदलने के लिए उन्हें सुनार को दिया जाता था। पुलिस ने इसी सिलसिले में चोरी का माल खरीदने और उसका स्वरूप बदलने वाले संजय कुमार सोनी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उनसे शहर में हुई अन्य चोरी और नकबजनी की वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

भरतपुर की सुजान गंगा नहर में युवक ने छलांग लगाई, तलाश जारी

भरतपुर, (निसं)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र में स्थित सुजान गंगा नहर में एक युवक के कूदने की सूचना से देर शाम हड़कंप मच गया। राहगीरों ने युवक को किले के गेट की ओर से भागते हुए आते और सुजान गंगा नहर में छलांग लगाते हुए देखा। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। देर रात तक दोनों टीमों ने नहर में युवक की तलाश के लिए सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका।

चौबुर्जा चौकी प्रभारी राकेश मान ने बताया कि रविवार शाम सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सुजान गंगा नहर में कूद गया है। सूचना के बाद सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रात करीब 10 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद सोमवार सुबह फिर से युवक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जो लगातार जारी है। अभी तक नहर से कोई शव बरामद नहीं हुआ है। युवक की पहचान और घटना से जुड़ी अन्य जानकारी शव या युवक के मिलने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें सुजान गंगा नहर में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत श्रीगंगानगर
क्रमांकः- दिनांकः-

निविदा संशोधन आदेश
(NIB No. PWD2627A2018)

निविदा सूचना संख्या 04/2026-27 में निम्नानुसार इस कार्यालय की संशोधन किया जाता है :-

क्र.स.	विवरण	मूल निविदा में अंकित दिनांक	संशोधित दिनांक
1	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की दिनांक	दिनांक 10.08.2026 प्रातः 9.30 बजे से 27.08.2026 सांय 6.00 बजे तक	दिनांक 10.08.2026 प्रातः 9.30 बजे से 31.08.2026 सांय 06.00 बजे तक
2	निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 31.08.2026 सुबह 11.00 बजे	दिनांक 01.09.2026 सांय 03.00 बजे से

UBN No. -
PWD2627WSOB08774, PWD2627WSOB08802,PWD2627WSOB08804, PWD2627WSOB08808, PWD2627WSOB08815, PWD2627WSOB09002, PWD2627WSOB09004, PWD2627WSOB09005, PWD2627WSOB09007 PWD2627WSOB09008, PWD2627WSOB09009, PWD2627WSOB09011 PWD2627WSOB09012, PWD2627WSOB09013, PWD2627WSOB09014 PWD2627WSOB09015, PWD2627WSOB09016, PWD2627WSOB09017 PWD2627WSOB09018, PWD2627WSOB09020, PWD2627WSOB09021 PWD2627WSOB09023, PWD2627WSOB09025, PWD2627WSOB09026
निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत
श्रीगंगानगर
DIPR/C/15480/2026

जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
कॉर्पोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन)- यू 40109 आरजे 2000 एसजीसी 016483
पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस, जोधपुर-342003, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (सी.एस.एस.)
फोन नं.: 0291-2742336, फैक्स नं. 0291-2745259, ईमेल: secssjodhpur@gmail.com,
वेबसाईट : http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना में शुद्धिपत्र/संशोधन

पत्र संख्या 3791 दिनांक 14.08.2026 के तहत पूर्व में जारी ई-निविदा के लिए 'राष्ट्रदूत' में 19.08.2026 को प्रकाशित उक्त निविदा के क्रम में, टेंडर के विवरण में संशोधन को इस प्रकार पढ़ा जाए:

क्रम संख्या	निविदा संख्या जेडीवीवीएनएल/ आरडीएसएस/	सर्कल का नाम यूबीएन संख्या	कुल अनुमानित लागत (करोड़ रुपये में)	धरोहर राशि @2% (रुपये में)
1	टीएनटीडब्ल्यू-791	जोधपुर डीसी (JVV2627WLOB00417)	49.09	98,18,395.00
2	टीएनटीडब्ल्यू-792	फलौदी (JVV2627WLOB00418)	97.22	1,94,43,064.00
3	टीएनटीडब्ल्यू-793	जालोर, बालोतरा, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर (JVV2627WLOB00419)	76.73	1,53,46,619.00
4	टीएनटीडब्ल्यू-794	बाड़मेर (JVV2627WLOB00420)	70.24	1,40,48,006.00
5	टीएनटीडब्ल्यू-795	जैसलमेर (JVV2627WLOB00421)	120.42	2,40,83,685.00
6	टीएनटीडब्ल्यू-796	बीकानेर (डूंगरगढ़ और नोखा डिवीज़न) (JVV2627WLOB00422)	120.01	2,40,02,478.00
7	टीएनटीडब्ल्यू-797	बीकानेर (DD-I, DD-II और खाजूवाला डिवीज़न) (JVV2627WLOB00423)	91.88	1,83,76,109.00
8	टीएनटीडब्ल्यू-798	चुरू (JVV2627WLOB00424)	133.13	2,66,25,283.00
		कुल	758.72	

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
नोट: इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि ऊपर दिए गए टेंडरों के संबंध में संशोधन/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/बोली जमा करने की तारीख बढ़ाने आदि से जुड़ी कोई भी अन्य सूचना/जानकारी वेबसाइटों http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl, www.eproc.rajasthan.gov.in और http://sppp.rajasthan.gov.in पर ही उपलब्ध होगी।
राज.संवाद/सी/26/10478 अधीक्षण अभियन्ता (सी.एस.एस.)
बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

घर में सो रही पत्नी की पति ने हथौड़े से वार कर हत्या की, आरोपी हिरासत में

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती करवड़ स्थित उजलियां गांव में घर में सो रही पत्नी की पति ने हथौड़ा से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद पति फरार हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घटना 29 अगस्त रात की है। हत्या से पहले पति-पत्नी के बीच लड़ाई हुई थी। उससे एक दिन पहले मृतका ने अपने पीहर फोन कर राखी पर आने ने की बात की थी। पास खड़े पति ने जिंदा रहेगी तो जाएगी, जैसी बात की थी। करवड़ थाने में मृतका के भाई की तरफ से बहनोई के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या की रिपोर्ट दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन को सुपुर्द किया।

करवड़ पुलिस ने बताया कि कारपड़ा स्थित हिंगाणिया निवासी महेंद्र

- **महिला ने रक्षाबंधन से एक दिन पहले मां से फोन पर बात की थी और राखी पर पीहर आने की बात कही थी**
- **पास खड़े पति ने जिंदा रहेगी तो जाएगी, जैसी बात की थी, करवड़ थाने में मृतका के भाई की तरफ से बहनोई के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या की रिपोर्ट दी है**

पुत्र देवाराम की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसकी बहन गुड्डी की शादी 15 साल पहले उजलियां करवड़ निवासी दिनेश पुत्र पप्पाराम के साथ की गई थी। शादी के बाद से ही उसका पति दहेज के लिए तंग और परेशान करता था। एक बार वह उसकी बहन को मारने के लिए तलवार लेकर पीछे भी दौड़ा था। तब गांव वालों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया था। तब पुलिस में मामला दर्ज कराया गया था, जिस पर बाद में उसके बहनोई ने माफी मांगी और सामाजिक स्तर पर मामला सुलझाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार रक्षाबंधन से एक दिन पहले उसकी बहन ने मां से फोन पर बात की थी और राखी पर पीहर आने की बात कही थी। पास में उसका बहनोई दिनेश भी खड़ा था और कहा कि जिंदा रहेगी तो राखी बांधेगी। 29 अगस्त की रात को बहनोई दिनेश के भाई गणपत का कॉल आया कि उसके भाई- भाभी में लड़ाई झगड़ा हुआ था, जिसके बाद गुड्डी यानी उसकी भाभी सो गई थी। तब उसके भाई दिनेश ने सो रही गुड्डी पर हथौड़े से हमला कर दिया। वह जिंदा है अथवा मर गई इस बारे में पता नहीं है, आप लोग तुरंत आ जाओ।

मृतका के भाई महेंद्र ने उस समय कहा कि अभी आने का साधन नहीं है। यह कहते हुए सुबह आने की बात की। इधर पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया जहां मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। आरोपी पति दिनेश को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

श्रीगंगानगर में युवक से हेरोइन व नगदी जब्त

श्रीगंगानगर, (निसं)। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी के आरोप में पकड़ा है। यह कार्रवाई सेतिया चौकी प्रभारी ने टीम के साथ गश्त के दौरान दिन में की। आरोपी के खिलाफ एसआई रामेश्वर बिश्नोई की ओर से एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है। एसपी हरीशंकर यादव के निर्देश पर इस मुकदमे की जांच एसआई नागेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

कोतवाल तेजवंत सिंह बराड़ ने बताया कि हरदीप सिंह कॉलोनी की गली नंबर दो व हाल लालचंद की ढाणी में गणेश चौक के निकट निवासी 40 वर्षीय सुरेश कुमार उर्फ नीरज पुत्र गणपतराम अरोड़ा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 34 ग्राम 65 मिलीग्राम हेरोइन तथा 23200 रुपए ड्रग मनी बरामद की गई। आरोपी स्कूटी पर उक्त हेरोइन बेचने की फिराक में घूम रहा था। चौकी प्रभारी रामेश्वर बिश्नोई मय टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सद्भावना नगर में आरोपी स्कूटी पर आते दिखा। आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। इस पर आरोपी को रोककर तलाशी ली गई। सीओ सिटी विष्णु खत्री ने बताया कि आरोपी सुरेश अरोड़ा हेरोइन तस्करी का आदतन आरोपी है। उसे करीब पांच माह पहले जवाहरनगर पुलिस ने एएनटीएफ के सहयोग से कार सहित हेरोइन तस्करी करते पकड़ा था। आरोपी चार माह से न्यायिक हिरासत में था। उसकी करीब एक माह पहले ही जमानत हुई थी। आरोपी ने जेल से बाहर आते ही फिर से हेरोइन तस्करी का धंधा शुरू कर दिया। आरोपी पंजाब से हेरोइन खरीदकर लाता है और यहां जिला मुख्यालय पर नशे के आदी युवकों को बेचता है।